लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.962

21 दिसंबर, 2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

सिलेसिलाए वस्त्रों का निर्यात

962. श्री रवनीत सिंहः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश के वस्त्र निर्यात की मात्रा और मूल्य कितना है और प्रत्येक राज्य का इसमें कितना अंशदान है;

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान देश के वस्त्र संबंधी निर्यात के मूल्य और मात्रा में कोई गिरावट हुई है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने देश के वस्त्र उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कोई नीतिगत परिवर्तन किए हैं और कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने माल और सेवाकर के उत्तरोत्तर देश में सिलेसिलाए वस्त्रों के निर्यात का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी महीने-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने सूक्ष्म और लघु पैमाने के विशेष परिधानों/वस्त्रों के व्यापारियों द्वारा विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात को सक्षम बनाने और बढ़ावा देने हेतु कोई नई नीति या संस्था बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री अजय टम्टा)

(क) और (ख): देश से वस्त्र निर्यात की मात्रा और मूल्य अनुबंध-1 में दिया गया है। डीजीसीआईएंडएस**,** निर्यात का राज्य-वार डाटा नहीं रखता है। पिछले दो वित्तीय वर्षों में वस्त्र के निर्यात का मूल्य लगभग स्थिर रहा है।

(ग): निर्यात में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करने के लिए केंद्र सरकार ने क्रमश: जून**,** 2016 और दिसंबर**,** 2016 में रोजगार सृजन और अपैरल और मेड-अप्स क्षेत्र में निर्यात को बढ़ाने के लिए विशेष पैकेज के माध्यम से सुधारों को अनुमोदित किया है। वैश्विक बाजार में निर्यात को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए परिधानों और मेड-अप्स के निर्यात पर राज्य लेवियों की छूट के लिए विशेष पैकेज के अंतर्गत राज्य लेवियों के लिए छूट योजना (आरओएसएल) की घोषणा की गई थी। इसके अलावा शिपमेंट से पहले और बाद में ऋण के लिए 3% प्रति वर्ष की दर से ब्याज आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है और निर्यात पर ड्यूटी ड्रा-बैक

प्रदान किया जाता है। बाजार पहुंच पहल योजना (एमएआई) के अंतर्गत सतत आधार पर निर्यात को बढ़ावा दिया जाता है। सरकार ने भारत से मर्चेंडाइज निर्यात योजना (एमईआईएस) के अंतर्गत दिनांक 01.11.2017 से 30.06.2018 तक के लिए सिलेसिलाए परिधानों और मेड-अप्स पर दरों को 2% से बढ़ाकर 4% कर दिया है। वस्त्र क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देने और निवेश को आकर्षित करने के लिए दिनांक 30 जून से 2 जुलाई, 2017 तक टेक्सटाइल इंडिया 2017 नामक भारत का पहला मेगा-टेक्सटाइल व्यापार मेला गांधीनगर में आयोजित किया गया था।

(घ): जीएसटी के लागू होने के बाद जुलाई से सितंबर, 2017 की अवधि के दौरान आरएमजी का निर्यात वर्ष 2016 की इसी अवधि में 4070 मिलियन अमरीकी डॉलर से 5% तक बढ़कर 4274 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है। निर्यात का माह-वार ब्यौरा अनुबंध-2 में दिया गया है।

(ङ): विदेश व्यापार नीति 2015-20 की मध्यावधि समीक्षा में भारत से मर्चेंडाइज निर्यात योजना (एमईआईएस) के अंतर्गत सभी लदानों पर निर्यात प्रोत्साहन में 2% तक की वृद्धि करके श्रम गहन एमएसएमई क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर प्रमुख जोर दिया गया है। वस्त्र क्षेत्र को प्रदान की गई अतिरिक्त एमईआईएस में सिलेसिलाए परिधानों के लिए 2743 करोड़ रुपए और रेशम, हथकरघा और कयर के हाथ से बने कालीनों और पटसन उत्पादों के लिए 921 करोड़ रुपए शामिल हैं। अपैरल और मेड-अप्स के निर्यात पर राज्य लेवियों की छूट के लिए नई दरें नवंबर, 2017 में अधिसूचित की गई थी।

****

अनुबंध-I

भारत का वस्त्र एवं अपैरल निर्यात

वस्तुएं		2014-15		2015-16		2016-17	
	इकाई	मात्रा	मूल्य (मिलियन अमरीकी डॉलर में)	मात्रा	मूल्य (मिलियन अमरीकी डॉलर में)	मात्रा	मूल्य (मिलियन अमरीकी डॉलर में)
सिलेसिलाए परिधान			16221.6		16456.7		17091.4
कपास वस्त्र			11753.6		11134.0		10593.9
मानव निर्मित वस्त्र			5826.6		5213.2		5180.9
ऊन एवं ऊनी वस्त्र			509.6		461.8		391.9
रेशम उत्पाद			446.9		342.1		269.6
हथकरघा उत्पाद	लागू नहीं	लागू नहीं	369.6	लागू नहीं	368.5	लागू नहीं	361.6
कालीन	मिलि वर्ग मीटर		1360.8	101.0	1442.0	103.6	1498.1
पटसन उतपाद			366.9		577.0		322.7
कयर एवं कयर विनिर्माता	लागू नहीं	लागू नहीं	285.5	लागू नहीं	261.6	लागू नहीं	297.2
कुल वस्त्र एवं क्लोदिंग			37141.0		36256.8		36007.2
हस्तशिल्प (हस्त निर्मित शिल्प को छोड़कर)	लागू नहीं	लागू नहीं	3263.1	लागू नहीं	3410.0	लागू नहीं	3657.3
हस्तशिल्प सहित कुल वस्त्र एवं क्लोदिंग			40404.2		39666.8		39664.5

स्रोत: डीजीसीआईएंडएस

अनुबंध-2

माह-वार भारतीय निर्यात (मिलियन अमरीकी डॉलर में)

	2016				2017				अंतर			
	जुलाई	अगस्त	सितंबर	जुलाई-सितंबर	जुलाई	अगस्त	सितंबर	जुलाई-सितंबर	जुलाई	अगस्त	सितंबर	जुलाई-सितंबर
उपस्करों सहित आरएमजी	733	648	576	1957	692	640	718	2050	-6%	-1%	25%	5%
आरएमजी मानव निर्मित फाइबर	383	367	405	1155	309	407	558	1274	-19%	11%	38%	10%
अन्य वस्त्र सामग्री के आरएमजी	301	286	274	861	242	264	351	857	-19%	-8%	28%	0%
आरएमजी ऊन	28	23	19	70	19	18	18	55	-31%	-23%	-7%	-21%
आरएमजी रेशम	11	7	9	27	12	9	17	38	9%	25%	76%	41%
कुल आरएमजी निर्यात	1456	1331	1283	4070	1274	1338	1662	4274	-12%	1%	29%	5%

स्रोत: डीजीसीआईएंडएस